(ख) इन फसलों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए समेकित चावल विकास कार्यक्रम; विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम–गेहूं और दालें; राष्ट्रीय दलहन विकास कार्यक्रम; तिलहन उत्पादन कार्यक्रम आदि जैसी कई फसल उत्पादनोन्मुखी योजनाएं इन राज्यों में क्रियान्वित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत, किसानों को बीजों के उत्पादन एवं वितरण, अतिसूक्ष्म पोषकतत्वों के पौध संरक्षण उपकरणों का वितरण, बीज मिनिकिटों के वितरण, प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण का आयोजन आदि पर राजसहायता के रूप में प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।

खाद्यान्नों का उत्पादन

1290. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले चार दशकों के दौरान देश में खाद्यान्नों के उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1950-51 की तुलना में वर्ष 1990-91 में कितनी मात्रा में खाद्यान्नों का उत्पादन हुआ;

(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान किसानों की आय में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) वर्ष 1950-51 की तुलना में वर्ष 1990-91 की तुलना में किसानों की आय कितनी थी ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) जी, हां।

(ख) 1990-91 के दौरान देश में खाद्यान्न का उत्पादन 1950-51 के 50.8 मिलियन टन की तुलना में 176.4 मिलियन टन रहा।

(ग) इसी अवधि के दौरान कृषकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) कृषि में प्रति हैक्टेयर घटक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद 1980-81 के स्थित मूल्यों पर 1950-51 में 1,757 रु० से 1990-91 में बढ़कर 4,403 रु० हो गया है।

खाद्यानों और नकद फसलों के लिए प्रयुक्त क्षेत्र

1291. **श्री अजीत जोगी** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में खाद्यान्नों और नकद फसलों की कुल कितने क्षेत्र में खेती की गई तथा इनका कितना-कितना उत्पादन हुआ था;

(ख) क्या यह सच है कि रबी के चालू मौसम के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में खाद्यान्नों की खेती कम क्षेत्र में की गई जबकि तिलहनों और अन्य नकदी फसलों की खेती अधिक क्षेत्र में हुई;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) खाद्यान्नों की खेती के लिए कृषि क्षेत्र में वृद्धि करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) देश में वर्ष 1991-92 तथा 1992-93 के दौरान खाद्यान्नों, तिलहनों तथा अन्य प्रमुख नकदी फसलों के कुल क्षेत्र तथा उत्पादन का विवरण नीचे दिया गया है :